ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 16-07-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-07-16 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-07-17	2021-07-18	2021-07-19	2021-07-20	2021-07-21
वर्षा (मिमी)	5.0	5.0	35.0	30.0	20.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	33.0	32.0	32.0	33.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	23.0	22.0	23.0	23.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	80	90	90	90	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	40	55	65	65	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12.0	12.0	12.0	14.0	14.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	130	130	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	6	5	7	7	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (9 – 15 जुलाई, 2021) में 33.6 मिमी वर्षा होने व आसमान मेआंशिक से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 30.5 से 34.6 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 24.0 से 28.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 71 से 98 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 56 से 80 प्रतिशत एवं हवा 0.9 से 11.4 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चली। 16 व 17 जुलाई को हल्की वर्षा (लगभग 5 मिमी) तथा 18 से 20 जुलाई को मध्यम वर्षा (20-35 मिमी) की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 32.0 से 33.0 व 22.0 से 24.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 12.0-14.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 21 से 27 जुलाई के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। 18 व 19 जुलाई को कुछ स्थानों भारी तथा कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा की भी चेतावनी दी गई है।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.1-0.35 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है। किसान भाई समय पर मौसम पूर्वानुमान और जिलेवार कृषि मैसम परामर्श सलाह तथा आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी प्राप्त करने हेतु अपने स्मार्टफोन में गूगल प्ले स्टोर से मेघदूत व दामिनी मोबाईल एप निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

लघु संदेश सलाहकार:

16 व 17 जुलाई को हल्की वर्षा (लगभग 5 मिमी) तथा 18 से 20 जुलाई को मध्यम वर्षा (20-35 मिमी) की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	आगामी दिनों में वर्षा के पूर्वानुमान को देखते हुए धान की रोपाई हेतु खेत तैयार करें। धान की शीघ्र पकने वाली किस्मो की रोपाई जुलाई के तीसरे सप्ताह तक अवश्य पूरा कर ले। धान की रोपाई से पहले उसकी जड़ों को कार्बेन्डाजीम 1 ग्राम/लीटर के घोल में आधे घण्टे तक भिगोने के बाद रोपाई करें।
गन्ना	गन्ने की फसल में जलभराव वाले खेतों में जल निकास की व्यवस्था करें|
मक्का	आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए, मक्का की फसल में सिंचाई न करें।
अदरक	आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए, खेत में वर्षा के जल को इक्कठा न होने दे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
गोभी	फूलगोभी की अगेती फसल में जल निकास की व्यवस्था करे तथा निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकाल दें।
मिर्च	इस माह में मिर्च की रोपाई मेंड़ों पर करें, मेड़ों पर इसकी दूरी कतार से कतार 50 सेमी तथा पौधे से पौधे की दूरी 50 सेमी रखें एवं जल निकास की उचित व्यवस्था करे, क्योंकि खेत में 24 घण्टे में पानी रहने से फसल सूख जाती है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशुओ को संक्रामक रोग से बचाने हेतु टीकाकरण करवाये।
गाय	अधिक दुधारु पशुओं को ब्याने के 24 घंटे पहले कैल्शियम क्लोराइड नामक जेल दवा लगभग 200 मिली मात्रा में देनी चाहिए। इसे ब्याने वाले दिन तथा ब्याने के बाद भी दें, ताकि पशु को दुग्ध ज्वर नामक बीमारी न हो।